## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 05.01.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 05.01.2025

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र में भ्रमण कर बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के विषय में किया गया जागरुक-

शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलंबी, सशक्त बनाने और सुरक्षित माहौल प्रदान करने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में उनको जागरूक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम तथा उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से समग्र अभियान ''मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान'' चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 05.01.2025 को नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद के समस्त थानों की शक्ति दीदी/महिला बीट आरक्षियों/एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्कूल/कालेज/बीट/गांव आदि में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत जागरुकता कार्यशाला एवं चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई की गयी तथा "मिशन शक्ति फेज-05" के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस एव शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090-वुमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 05.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने अवैध देशी शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-


महाकुम्भ-2025 को सकुशल सम्पन्न कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन द्वारा चलाये जा रहे अभियानों के तहत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 04.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 सनय कुमार चौकी प्रभारी कस्बा चरखारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त लक्ष्मी प्रसाद ढीमर पुत्र स्व0 नाथूराम ढीमर उम्र 32 वर्ष निवासी काशीराम कालोनी महावीर नगर थाना चरखारी जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 प्लास्टिक की पिपिया में कुल 10 ली0 कच्ची देशी शराब महुआ नाजायज बरामद करते हुए काशीराम कालोनी महावीर नगर मेला ग्राउंड कस्बा चरखारी के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 04/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्त–

लक्ष्मी प्रसाद ढीमर पुत्र स्व0नाथूराम ढीमर उम्र 32 वर्ष निवासी काशीराम कालोनी महावीर नगर थाना चरखारी जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 सनय कुमार चौकी प्रभारी कस्बा चरखारी
2. कां0 वीरेश्वर दत्त मिश्र



## थाना कबरई की पुलिस टीम ने अवैध देशी शराब के साथ 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

महाकुम्भ-2025 को सकुशल सम्पन्न कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन द्वारा चलाये जा रहे अभियानों के तहत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 04.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित की गई म0उ0नि0 एकता भदौरिया मय हमराह हे0कां0 राजेन्द्र प्रसाद व कां0 कुँवर पाल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 02 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.रामप्रकाश पुत्र किशोरीलाल उम्र 28 वर्ष व 2. संजू पुत्र लल्लूप्रसाद उम्र 20 वर्ष नि0गण बीला दक्षिण कस्वा व थाना कबरई जनपद महोबा जिनके कब्जे से 02 प्लास्टिक की पिपिया से अलग-अलग 10-10 ली0 कुल 20 ली0 कच्ची देशी शराब नाजायज बरामद करते हुए कानपुर सागर हाईवे के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर क्रमशः मु0अ0सं0 04/2025 व मु0अ0सं0 05/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–

1. म0उ0नि0 एकता भदौरिया
2. हे0कां0 राजेन्द्र प्रसाद 3. कां0 कुँवर पाल

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.रामप्रकाश पुत्र किशोरीलाल उम्र 28 वर्ष निवासी बीला दक्षिण कस्वा व थाना कबरई जनपद महोबा

2. संजू पुत्र लल्लूप्रसाद उम्र 20 वर्ष निवासी बीला दक्षिण कस्वा व थाना कबरई जनपद महोबा।



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 05.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## महाकुंभ- 2025: म.प्र. राज्य की सीमा पर महोबा पुलिस की बढ़ी चौकसी, जनपद के प्रवेश द्वारों पर बैरिकेडिंग लगाकर की जा रही है चेकिंग-

जनपद प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ में होने वाले प्रमुख स्नानों एवं पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में म.प्र. राज्य की सीमा से लगने वाले जनपद के सभी 05 अंतर्राज्यीय सीमा स्थलों क्रमशः थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्र के कुम्हडौरा बार्डर, थाना कबरई क्षेत्र अवस्थित पहरा बार्डर, थाना श्रीनगर क्षेत्र अवस्थित कैमहा बार्डर, थाना महोबकंठ अवस्थित बगरौनी बार्डर, थाना अजनर क्षेत्र अवस्थित बिजौरी बार्डर को सक्रिय किया गया है, जिसमें 24 घंटे पुलिस बल की ड्यूटियां लगाई गई हैं। सभी अन्तर्राज्यीय सीमा स्थलों पर बुनियादी व्यवस्थाएं जैसे- टेंट, अग्निशमन, रजिस्टर रखरखाव, सीसीटीवी, बैरियर और श्रद्धालुओं के सहायतार्थ कुंभ मेला फ्लेक्स साइन की व्यवस्था की गई है।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि जनपद से होकर महाकुंभ के लिए जाने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था के अभूतपूर्व इंतजाम किये गये हैं।

पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया है कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सतर्कता और तत्परता बनाए रखें। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सीमा क्षेत्र में अपनी ड्यूटी के दौरान संवेदनशील रहें और श्रद्धालुओं के प्रति शालीन व्यवहार करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ के मद्देनजर इलाके से जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ेगी, जिसके दृष्टिगत म.प्र. सीमा बॉर्डर पर अवस्थित जनपद के थानों को एलर्ट कर सीमाक्षेत्र में पड़ने वाले सभी 05 अन्तर्राज्यीय बार्डर को एक्टिव कर विशेष चौकसी बरती जा रही है साथ ही अपराध को रोकने के लिए पुलिस टीमों द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है एवं निगरानी की जा रही है ताकि भीड़ का लाभ लेकर कोई अपराधी सीमा क्षेत्र में प्रवेश न कर सके।

**अपील-** महोबा पुलिस का आप सभी सम्बन्धित से निवेदन है कि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचनाओं के बहकावे में न आएं, कुम्भ मेला अथवा जनपद की सीमा या अन्य किसी आपराधिक गतिविधियों से सम्बन्धित कोई जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल हमें सूचित करें, त्वरित कार्यवाही की जायेगी।

महोबा पुलिस जनपद में शान्ति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कटिबद्ध है।




@MahobaPolice

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 05.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म की घटना कारित करने वाले आरोपी अभियुक्त को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज दिनांक 05.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री अर्जुन सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 गौरव चौबे मय हमराह कां0 हरिओम के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 07/25 धारा 69/351(2) BNS व 3/4 DP ACT थाना कोतवाली नगर महोबा से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त जितेन्द्र कुमार अहिरवार उर्फ जीतू पुत्र विन्द्रावन उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम करहराकला थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा को ग्राम करहराकला तिराहे के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

जितेन्द्र कुमार अहिरवार उर्फ जीतू पुत्र विन्द्रावन उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम करहराकला थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

### अभियुक्त का अपराधिक इतिहास-

मु0अ0स0 175/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना महोबकंठ जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 गौरव चौबे चौकी प्रभारी बजरिया
2. का0 हरिओम

